an>

Title: Regarding opening new IIM's and IIT's in Bihar, and opening an international University at Vikramshila University, Bhagalpur.

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे एक अति महत्व के मुद्दे पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। शिक्षा के विस्तार के लिए और ज्ञान की रोशनी को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए बिहार राज्य की आबादी और प्रतिभा को देखते हुए राज्य में भारतीय प्रबंधन संस्थान और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जैसी बड़ी संस्थाओं की बहुत आवश्यकता है। हम माननीय मंत्री जी से आग्रह करेंगे कि राज्य का आबादी के अनुसार भारतीय प्रबंधन संस्थान और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान को वहां खोला जाए, शिक्षण संस्थाओं को बढ़ावा दिया जाए। वहीं पर जो नालंदा विश्वविद्यालय है, वह एक खुला अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय है, उसकी तर्ज पर विक्रमशिला विश्वविद्यालय, जो भागलपुर का ही ऐतिहासिक विश्वविद्यालय नहीं है, बल्कि दुनिया भर में उसकी प्रतिष्ठा है, वहां भी अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय खोला जाए और बिहार की प्रत्येक कमिश्नरी में मुंगर जैसे एक विद्यालय की स्थापना हो, यही हम मानव संसाधान मंत्री जी से हम आग्रह करते हैं और अपनी बात समाप्त करते हैं।

माननीय अध्यक्ष : श्री जितेन्द्र चौधरी एवं डा.ए.सम्पत को श्री जयप्रकाश नारायण यादव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।